रत्नागिरी-कोल्हापुर रेल लाइन को कोंकण रेल परियोजना में शामिल किया जाना

1801. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 115 किलोमीटर लम्बी प्रस्तावित रत्नागिरी-कोल्हापुर रेल लाइन को कोंकण रेल परियोजना में शामिल करने के लिए अनुरोध किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस मामले में क्या निर्णय लिया है?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के॰सी॰ लेंका): (क) जी, हां।

(ख) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधान मंत्री को 21.8.93 को भेजे गए ज्ञापन में यह मांग शामिल की गई थी।

(ग) कोंकण रेलवे संरेखण के साथ जोड़ने के लिए कोल्हापुर-रत्नागिरी नई रेल लाइन के निर्माण पर मौजूदा मूल्यों के आधार पर 250 करोड़ रु॰ खर्च होंगे क्योंकि यह खंड पर्वतीय भूभाग से गुजरता है। संसाधनों की अत्यधिक तंगी के कारण, परियोजना पर फिलहाल विचारना व्यावहारिक नहीं पाया गया है। सरकार को समुचित रूप से सूचित कर दिया गय

महाराष्ट्र में रेल मार्ग

1802. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव f** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र सरकार द्वारा 15 नवम्बर, 199३ रेल मार्गों के संबंधों में भेजे गये प्रस्ताव का ब्यौर है;

(ख) प्रस्तावित रेल मार्गों की कुल लम्बाई है;

(ग) जनसाधारण की मांग और आवश्यकताओ ध्यान में रखते हुए सरकार किन-किन योजनाओ अपने कार्यान्वयन कार्यक्रम में शामिल करने का रखती है; और

(घ) सरकार द्वारा अन्य मार्गों को अपने क में शामिल न करने के क्या कारण हैं?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के॰ लेंका): (क) और (ख) महाराष्ट्र सरकार महाराष्ट्र में मौजूदा रेल मार्गों के आमान परिवर्त नई रेल लाइनों के निर्माण के लिए भेजे गए तथा उनकी कि॰मी॰ में लम्बाई इस प्रकार है:

आमान परिवर्तन परियोजनाएं	नई लाइन परियोजनाएं
1. औरंगाबाद-परभनी (169 कि॰मी॰)	1. वर्धा-यावतमल-पुसाद-नांदेड (182 कि॰मी॰)
2. परभनी-मुदखेड-आदिलाबाद (126 कि॰मी॰)	2. बीड-अहमदनगर-पर्ली वैजनाथ (274 कि॰मी॰)
3. गोंदिया-चांदा फोर्ट (242 कि॰मी॰)	3. अमरावती-नरखेड़ (138 कि॰मी॰)
4. शोलापुर-बीजापुर (109 कि॰मी॰—महाराष्ट्र में 35 कि॰मी॰	4. मनमाड-मालेगांव-धूले-नादाना (154 कि॰मी॰)
5. धोंड-बारामती (42 कि॰मी॰)	5. खामागांव-जालना (155 कि॰मी॰)
6. मिरज-लातूर (359 कि॰मी॰)	6. पंधारपुर-लोनन्द (145 कि॰मी॰)
7. पाचोरा-जामनेर (56 कि॰मी॰)	7. कोल्हापुर-रत्नागिरि (115 कि॰मी॰)
8. नागपुर-नागभीड (120 कि॰मी॰)	8. शोलापुर-बीड़-औरंगाबाद-चालीसगांव (300 कि॰मी॰)
	9. पुणे-नासिक (190 कि॰मी॰)
	10. कत्वा-तुर्भे (13.0 कि॰मी॰)
	11. बेलापुर-पनवेल (11.0 कि॰मी॰)
	12. बेलापुर-न्हावा शेवा-उरन (23.0 कि॰मी॰)